भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 574

जिसका उत्तर 06.02.2025 को दिया जाना है

बिहार में एक्सप्रेसवे

574. डॉ. आलोक कुमार सुमनः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश के सर्वोत्तम व्यापार विकास मार्गों में से एक होने के बावजूद बिहार के गोपालगंज जिले से एक भी राष्ट्रीय सड़क एक्सप्रेस मार्ग नहीं गुजर रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या राज्यों को दिए गए राष्ट्रीय सड़क एक्सप्रेसवे देश में व्यापार की वाणिज्यिक व्यवहार्यता से संबंधित मुद्दों पर विचार किए बिना दिए गए थे और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) बिहार के गोपालगंज जिले से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की संख्या कितनी है और उन राष्ट्रीय राजमार्गों पर लंबित विकास संबंधी परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(घ) बिहार राज्य में विशेषकर गोपालगंज जिले से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रस्तावित परियोजना की प्रगति का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) बिहार राज्य से विशेषकर गोपालगंज जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए कुल कितनी धनराशि स्वीकृत और व्यय की गई है ?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) गोपालगंज जिले से दो राष्ट्रीय राजमार्ग रारा-531 और रारा-27 (पूर्व-पश्चिम गलियारा) गुजरते हैं। हालांकि, वर्तमान में कोई भी राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे जिले से होकर नहीं गुजर रहा है। राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे के विकास के बारे में निर्णय मानदंडों के पूरा होने, मूल स्थान से गंतव्य तक माल की आवाजाही के लिए लॉजिस्टिक कॉरिडोर, संपर्कता की आवश्यकता, यातायात अध्ययन, पारस्परिक प्राथमिकता और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर लिए जाते हैं।

इसके अलावा, रारा-27 पर किमी 384.000 से किमी 386.750 तक गोपालगंज टाउन में चार लेन एलिवेटेड राजमार्ग और ग्रेड सुधार को मंजूरी दी गई है।

(घ) और (ङ) पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान गोपालगंज जिले सहित बिहार राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए बजटीय आवंटन और व्यय निम्नानुसार है:

वित्तीय वर्ष	**आवंटन (करोड़ रुपए में)**	**व्यय (करोड़ रुपए में)**
2019-20	4,392	4,392
2020-21	6,716	6,716
2021-22	9,174	9,174
2022-23	9,347	9,347
2023-24	10,749	10,749
2024-25 (31.12.2024 तक)	6,159	5,599

*****